दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र



# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित



RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 332 मुरादाबाद, 03 April 2023 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## आजमगढ़ में बोले ऊर्जा मंत्री एके शर्मा: युवाओं के हाथ में अब कट्टा नहीं, कलम है, विपक्ष पर खूब भड़के



उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा शनिवार की देर शाम एक विद्यालय के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजमगढ़ आए थे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर खूब हमले किए।उन्होंने कहा प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जब से सरकार बनी है, तभी से प्रदेश में शिक्षा के स्तर में बड़ा सुधार हुआ है। इसके पहले तो नौजवान पढ़ने के बजाय दूसरे गलत काम करने लग गए थे। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा शनिवार को आजमगढ़ दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर खूब हमले किए। मंत्री ने कहा- प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जब से सरकार बनी है, तभी से प्रदेश में शिक्षा के स्तर में बड़ा सुधार हुआ है। इसके पहले तो प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी थी और नौजवान पढ़ने के बजाय दूसरे गलत काम करने लग गए थे। यहां तक की आजमगढ़ का क्षेत्र अपराधियों और माफियाओं का गढ़ बन गया था और युवाओं के हाथों में कलम की जगह कट्टे ने ले ली थी। ऐसी जगह पर शिक्षा को बढ़ावा देना बहुत बड़ी बात है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शनिवार की देर शाम एक विद्यालय के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजमगढ़ आए थे। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में योगी सरकार आई है, तब से फिर से शिक्षा की नई अलख जगी है। उसी का परिणाम है कि आज ऐसे शिक्षण संस्थान स्थापित हो रहे हैं। आज बच्चे पढ़ने की तरफ ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे मालूम चला है कि इस शिक्षण संस्थान से आजमगढ़ जिले के होनहार विद्यार्थी निकले हैं। ऐसे शिक्षण संस्थानों को प्रोत्साहित करना होगा। समाज को भी ऐसे कार्यों के लिए आगे आना होगा। नौजवानों की बेरोजगारी की वजह से भी अपराध बढ़े थे। अब पूर्वांचल सहित पूरे राज्य में औद्योगीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। पूरे प्रदेश का औद्योगिकरण होने जा रहा है। उद्योगों में काम करने के लिए हुनरमंद नौजवानों की आवश्यकता होगी। इसके लिए पूरे पूर्वांचल के विद्यार्थियों को खूब मेहनत करना होगा। प्रदेश की आर्थिक क्रांति होने वाली है। अभी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 33.50 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ। इससे जिले, कस्बों और गांवों तक का विकास होगा। प्रदेश के विद्यार्थी पूरी लगन से शिक्षा प्राप्त करें। इस मौके पर सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ% क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, विद्यालय की प्रधानाचार्य पल्लवी राय, प्रबंधक मुकुंद राय आदि उपस्थित थे।

## भाजपा पर अखिलेश का तंज: प्रदेश में युवा बेरोजगार, पुलिसकर्मियों की बढ़ गई आय, उद्योगपतियों का हो रहा हित



फिरोजाबाद में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि इस सरकार में युवा बेरोजगार है लेकिन पुलिसकर्मियों की आय बढ़ गई है। आलू किसान बर्बाद हो गया, लेकिन उद्योगपतियों का हित हो रहा है। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एक निजी कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बात की। कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बेरोजगारी को समाप्त करने का भाजपा ने कोई काम नहीं किया। कहा कि अपने झूठ को सच साबित कराने के लिए भाजपा ने अमेरिका की कंपनी को 200 करोड़ रुपये दिए हैं।

### बड़े उद्योगपतियों एवं कारोबारियों की हितैषी सरकार

सपा अध्यक्ष रविवार को शिकोहाबाद के मेला वाला बाग स्थित नेहा गेस्ट हाउस पहुंचे। यहां वह वीरेंद्र सिंह के पुत्र की शादी समारोह के बाद आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भाजपा को किसान विरोधी बताया। कहा कि भाजपा बड़े उद्योगपतियों एवं कारोबारियों की हितैषी है। उसका हर फैसला उद्यमियों के हित वाला होता है।

### पुलिसकर्मियों की बढ़ गई आय

कहा कि भाजपा ने एक उद्योगपति को इतना बढ़ाया कि वह भाग गया। किसानों के गेहूं की खरीद होने वाली है। लेकिन, सरकार का कोई इंतजाम नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी की आय दोगुना नहीं हुई। पुलिसकर्मियों की आय बढ़ी है। भाजपा सरकार में कोई न्याय नहीं मिल सकता है। बारिश और ओलावृष्टि में किसानों को बहुत नुकसान हुआ है।

### सरकार ने आलू किसानों की नहीं की मदद

कहा कि आलू किसान बर्बाद हो गया है। लेकिन, ये सरकार किसान की कोई मदद नहीं कर पाई। भाजपा ने आम लोगों के हाथ में झाड़ू पकड़ा दी है, लेकिन फिर भी गंदगी के ढेर लगे हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर राम गोपाल यादव, पूर्व सांसद अक्षय यादव, जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र चंचल, महानगर अध्यक्ष योगेश गर्ग, जेएस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव, डॉ. पीएस यादव, आदर्श यादव धन्नू, वीरेंद्र सिंह यादव मौजूद रहे।

## असम में केजरीवाल ने सरमा सरकार को घेरा; बोले- भाजपा ने गंदी राजनीति के अलावा कुछ नहीं किया




संकल्प सभा में दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने सीएम सरमा पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि असम के लोगों ने हर राजनीतिक दल को मौका दिया, फिर भी कोई बदलाव नहीं हुआ। असम की वर्तमान सरकार 2014 में सत्ता में आई। हमारी आप 2015 में दिल्ली में आई। दिल्ली इतनी विकसित हो गई, लेकिन असम अभी भी विकसित नहीं हुआ।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने असम की राजधानी गुवाहाटी में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा पेपर लीक और बेरोजगारी को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी असम में सरकार बनाती है तो मुफ्त बिजली, सभी बेरोजगारों को नौकरी दी जाएगी।क्ससरकार ने 7 साल में दिल्ली का चेहरा बदल दिया है। भाजपा ने असम में गंदी राजनीति के अलावा कुछ नहीं किया।

### सीएम सरमा पर भी जमकर हमला बोला

संकल्प सभा में दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने सीएम सरमा पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि असम के लोगों ने हर राजनीतिक दल को मौका दिया, फिर भी कोई बदलाव नहीं हुआ। असम की वर्तमान सरकार 2014 में सत्ता में आई। हमारी %आप% 2015 में दिल्ली में आई। दिल्ली इतनी विकसित हो गई, लेकिन असम अभी भी विकसित नहीं हुआ। सीएम हिमंत ने सिर्फ नफरत की राजनीति की।उन्होंने कहा कि हिमंत बिस्व सरमा मुझे जेल में डालने की धमकी दे रहे हैं। वह सीएम बने, लेकिन उन्होंने असम की संस्कृति नहीं सीखी। असम के लोग ऐसे नहीं हैं। वे अपने मेहमान को चाय पिलाते हैं। असम के लोग अपने मेहमान को जेल नहीं भेजते।केजरीवाल ने कहा कि आप की जीत हुई तो असम के हर बच्चे को रोजगार मिलेगा। जिस गति से सीएम सरमा रोजगार दे रहे हैं, मुझे लगता है कि सभी को नौकरी देने में सौ साल लग जाएंगे। जिस राज्य में मुख्यमंत्री की पत्नी निजी स्कूल चलाती हैं, वहां गरीब को कभी शिक्षा नहीं मिलेगी।

### दिल्ली-पंजाब में पेपर लीक नहीं होता: केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि असम में बेरोजगारी है। असम में पेपर लीक हो रहे हैं। कोई बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है। पंजाब और दिल्ली में कोई पेपर लीक नहीं होता है। अगर हमें असम में मौका मिलता है तो हम यहां काम करेंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। हमने दिल्ली में 12 लाख युवाओं को रोजगार दिया, यहां भी ऐसा ही करेंगे। केजरीवाल ने राज्य में आप सरकार के गठन के एक साल के भीतर गुवाहाटी के सभी घरों में पाइप से पानी पहुंचाने का भी आश्वासन दिया।

### केजरीवाल ने सरमा को लंच के लिए आमंत्रित किया

असम के मुख्यमंत्री की ओर से केजरीवाल पर मानहानि का मुकदमा करने की धमकी देने के कुछ दिन बाद दिल्ली के सीएम ने हिमंत बिस्व सरमा को अपने आवास पर चाय के लिए बुलाया। उन्होंने सरमा को दोपहर के भोजन के लिए भी आमंत्रित किया। केजरीवाल ने कहा कि सीएम हिमंत का इस तरह से धमकी देना एक मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता। दरअसल, सरमा ने शुक्रवार को केजरीवाल के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करने की धमकी दी थी।

### सरमा ने दी थी मानहानि का केस करने की चेतावनी

असम के मुख्यमंत्री ने कहा था कि क्या देश में कहीं भी मेरे खिलाफ कोई प्राथमिकी या मामला है? मैं उन पर मुकदमा करना चाहता था, लेकिन एक कायर की तरह उन्होंने विधानसभा के अंदर बात की। केजरीवाल दो अप्रैल को यहां आएं और कहें कि मैं भ्रष्ट हूं। अगले ही दिन मैं उनके खिलाफ मानहानि का मामला दायर करूंगा जैसा कि मैंने मनीष सिसोदिया के खिलाफ किया है। केजरीवाल ने कथित तौर पर दिल्ली विधानसभा में कहा था कि शर्मा के खिलाफ मामले दर्ज हैं।

## मायावती का हमला, कहा- गेस्ट हाउस कांड न होता तो सपा बसपा गठबंधन देश पर राज कर रहा होता



बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सपा का दलितों के प्रति प्रेम अचानक बढ़ गया है लेकिन यह समाज कभी भी इनका नहीं हो सकता है। उन्होंने भाजपा पर भी जमकर प्रहार किए। बसपा प्रदेश मुख्यालय पर पार्टी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए पार्टी सुप्रीमो मायावती ने सपा और भाजपा दोनों पर निशाना साधा ।

उन्होंने कहा कि यदि सपा एहसान फरामोशी नहीं करती और 1995 में गेस्ट हाउस कांड ना होता तो आज यह गठबंधन देश पर राज कर रहा होता।

किंतु सपा की दलित व अति पिछड़ा विरोधी संगठन राजनीति तथा मुस्लिम समाज के प्रति छलावे ने से ऐसा संभव नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में सभी को मजबूती से जुट जाना है। लोग इस समय महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और बदहाल कानून व्यवस्था से त्रस्त हैं। भाजपा इन सब मुद्दों पर फेल हो गई है। स्मार्ट सिटी केवल कागजों में हैं। महंगाई और गरीबी के कारण गांव तक में जनता की हालत खराब है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार ने सब कुछ ठेके पर कर दिया है और इस ठेका प्रथा के चलते स्थाई नौकरी लोगों के लिए दूर का सपना हो गई है।

उन्होंने कहा कि गांव गांव चलो अभियान ने बसपा को मजबूती दी है और लोगों तक लगातार अपनी आवाज पहुंचाते रहें।निकाय चुनाव में उम्मीदवारों का चयन सोच-समझकर किया जाएगा। उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी जो अपने क्षेत्र के लोगों के बीच रहते हैं। उनके कल्याण विकास में रुचि रखते हैं।

उन्होंने कहा कि सपा का दलितों, अति पिछड़ों तथा बाबासाहेब आंबेडकर और कांशीराम के प्रति अचानक प्रेम बढ़ जाता है। यह समाज कभी भी इनका नहीं हो सकता क्योंकि 1995 में गेस्ट हाउस कांड में जो हुआ उसे सब जानते हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## संपादकीय Editorial

### Fake universities, those recognized institutions should also be improved which are playing with the future of the students

Fake educational institutions take shelter of the courts. They get a stay order from there and they continue to run the education shop as before. It is understandable that they are able to do so because students who are unaware of their legal status keep taking admission in them. By doing this they waste their time and money.

The list of fake universities and higher education institutions has once again been released by the University Grants Commission (UGC). According to his list, at present there are 23 such educational institutions in the country, which do not have the right to award degrees. UGC has cautioned the students to avoid taking admission in these fake educational institutions.

UGC does this work every year, but fake educational institutions are not taking the name of ending. Many of them are such that they put a university in front of their name. Some are such that they have been operating for decades. It is clear that the University Grants Commission has failed to rein them in.

A big proof of this failure is that many fake universities are running right under his nose i.e. even in the country's capital Delhi. In fact the UGC is limited to issuing a list of fake universities. Usually he asks the state governments to take action against such universities, but they too can't do anything against them. Can't because fake educational institutions take shelter of the courts.

They get a stay order from there and they continue to run the education shop as before. It is understandable that they are able to do so because students who are unaware of their legal status keep taking admission in them. By doing this they waste their time and money.

It is not right that fake universities defy the whole system and continue to cheat the students and ruin their future. They should be stopped from doing this work at all cost.

For this, if necessary, UGC should be given more powers. There is no justification for this that anywhere in the country educational institutions continue to operate by ignoring the standards. After all, what does it mean that the UGC continues to fulfill its duty by issuing a list of fake educational institutions every year?

It would be appropriate that the Union Ministry of Education should seriously consider with the states how to get rid of fake educational institutions?

At a time when efforts are being made to improve education through the new education policy, the continued existence of fake educational institutions is surprising and disturbing

. Along with getting rid of fake educational institutions, there is also a need to consider how to improve those educational institutions, which are recognized, but their functioning is playing with the future of the students.

These educational institutions, which also have many universities, are not known for teaching, but for irregularity and all kinds of educational anarchy.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# Initiative: Good entry of corporate world in sports infrastructure

Vedanta Group Chairman Anil Agarwal is going to invest in cricket infrastructure. This is probably the first instance of investment in a cricket stadium in recent decades. Corporate world and cricket go hand in hand, it will not be wrong if it is said. Cricket has now become a completely corporate game in India. This can be said especially for the Indian Premier League (IPL), Kabaddi League, Hockey League and other leagues. Today, big business houses, be it Ambani, Adani or Jindal, are running cricket through IPL teams. Now a new dimension has been added to this series. Vedanta Group Chairman Anil Agarwal is going to invest in cricket infrastructure. This is probably the first instance of investment in a cricket stadium in recent decades. Its structure will be like Narendra Modi Stadium- On the eve of the new season of the Indian Premier League, Hindustan Zinc Limited, a Vedanta Group company, signed an investment agreement of Rs 300 crore with the Rajasthan Cricket Association (RCA) in Jaipur. In this, the world's third and India's second largest cricket stadium is being built. This stadium being built in Chomp village of Jaipur is a sports complex spread over 100 acres. It will be somewhat similar to the Sardar Vallabhbhai Patel Sports Complex in Ahmedabad. The stadium that will be built in this will be smaller than the Narendra Modi Stadium built in the Sardar Vallabhbhai Sports Complex. The under-construction stadium in Chomp village will have a seating capacity of 75,000 spectators. The special thing is that these days the work of this stadium is going on on a war footing and in October this year, the capacity of 40,000 spectators will also be completed. Rs 400 crore is being spent on the overall project of the first phase, out of which Rs 300 crore is being given by Hindustan Zinc Limited. This stadium will also have facilities for indoor sports, training centers for other sports, club house and some similar facilities as are there in the Sardar Vallabhbhai Patel Sports Complex in Ahmedabad. The stadium will be named after Anil Agarwal The investment terms of Hindustan Zinc Limited also included that the stadium would be named after Vedanta Group Chairman Anil Agarwal and that the stadium would be known worldwide as the Anil Agarwal International Cricket Stadium. This move of Vedanta Group can also be called a new beginning for investment in sports infrastructure. This partnership of Vedanta Group with Rajasthan Cricket Association will mark a new beginning in the country and in future it is certain that the corporate world will also come forward to invest in sports infrastructure in different cities. Until now, much of the focus of the corporate world has been on sponsoring players and teams. For example, Sahara India has been sponsoring the hockey team and the Indian cricket team for a long time. Other sports In other sports like Kabaddi, Hockey, Badminton, corporates sponsor players extensively. Celebrities from the film world have also invested in sports. Leagues like cricket, kabaddi, badminton, hockey have not only benefited the players, but have also generated employment for lakhs of people. The new move to invest in sports infrastructure should be applauded. However, apart from cricket, it would be good if the corporate world pays more attention to the sports played in the Olympics. Sports like hockey, swimming, shooting, wrestling also need good stadium and sports facility. If big groups like Vedanta invest in these too, then India's bag will be filled with medals in global competitions, it is certain.

# Masked characters on the stage of life, both art and artist are in trouble

Those whom we call theater artists are actually masks and to become their artists, from flood light to all kinds of colourful, light, sound system of different effects and background music is required. Don't know whose one act goes through so many rehearsals. On the other hand, in the theater of life, there are artists like Bhand, Bahurupiya, Nakal and Doom, who do not need masks and such colorful crutches, whose acting is the rehearsal and the respect of art is their reward. This is one of the oldest unique genres of India, where from the speaking of dialogues to the selection of makeup and dress has to be done by oneself. There is no chance of retakes here, instead you have to do everything in one take. His body language, expression and acting are determined by that one take. The history of theater is about 125 years old. While these communities have been showing the theater of life for thousands of years. And it continues to do so even today. How can there be any school of study for this? How ironic that a person who didn't pass the school of life would pass the school of theater and become an actor? People belonging to Bahurupiya, Bhand, Nakal and Doom communities first pass their school of life. After that they become artists. They cannot be divided within the walls of religion. A Muslim impersonator plays the role of Shiva and Parvati, while a Hindu impersonator does not mind becoming a fakir and a Muslim monk. Who took the characters of Ramayana and Mahabharata, their characters from their makeup to dialogues and costumes, to every village? Hardly 100 years have passed when it comes to cinema, whereas in the villages, the performance of Ramayana-Mahabharat has been going on for generations. Who decided what the costumes of the Hindu deities would be like? Who told whether there would be a mustache or a beard on his face? This task has been decided by these impersonators, buffoons, copycats and the Doom community. They belong to the nomadic community, who captivate the mind of the person in front of them with their eloquence and acting. All these people have been related to the royal court, who had the patronage of the royal family. Used to do the work of playing pranks. Playing doom chang, he used to sing breathtaking praises of the royal families. Imitators used to imitate people for entertainment, but there was no make-up and getup. There was also a polytheist in them, who had special make-up and get up. which he made by himself. Along with entertainment, these people also used to do intelligence work for the kings and kingdoms. For example, Bahurupiya used to go to other states in the guise of a monk and sometimes in the form of a businessman, and used to bring intelligence there. He used to collect information about the status of his army, how many archers are there, how much ashala (ammunition) and the trusted persons of the royal court. Here the success of the art and the fun of the artist is determined by his honesty. After putting on make-up from eight in the morning, impersonators and clowns have to remain like this till three-four o'clock without eating or drinking anything. Your dialogue should have the same breath, energy and freshness on the face that you had in the beginning of the morning, otherwise your character will fail.Today both this art and the artist are in trouble. They neither get respect nor money to live on. We made him a beggar. We made a law in 2006, the 'Anti Begging Act', under this, if these people do their work on the roadside, on the footpath or in the streets, then their work comes under the category of begging. Although the Delhi High Court has questioned the validity of this law, but this law shows how alienated we have become from our heritage and vibrant civilization. Means we don't even know for how many thousand years these people created our memories. Made our culture alive. He has carried the burden of that heritage till date. In our academic world, apathy has spread to such an extent that they are unable to question the validity of the principles that are already being followed. The value system these people create in the society through these different expressions, the way of life they teach us, are they all in vain? Do we now need a degree to even respect these expressions? The person who comes after passing the exam will be an artist, and everyone else? There is still time, let us correct our mistake. Learn to respect the real characters of the theater as well, if you cannot give importance to them, at least do not insult them, the mask nor the character will survive.

## Foreign hands, America and Germany should refrain from preaching to India

Congress leader Digvijay Singh thanked the German Foreign Ministry for commenting on the remarks of a spokesperson of the Foreign Ministry of Germany on the rejection of the membership of Parliament of Rahul Gandhi, who was convicted in a defamation case. Rahul is two-four. These allegations have been leveled against Rahul ever since he made a statement in London that democracy has ended in India and yet America and Europe are indifferent. Rahul clarifies that he had no intention that America and Europe should interfere with democracy in India. If he really wanted the same, then why did Digvijay Singh get so excited on the statement of the spokesperson of the German Foreign Ministry? After all, why didn't they ask him to stay within limits on his mindless statement? If he could not do that, he should have at least remained silent. As of now, it seems that the Congress leaders are trying to get foreign countries to speak about the alleged poor state of democracy in India. The Congress, which has been in power for so long, should have realized that if outside countries are encouraged to speak in India's internal affairs, the results will not be good. It should not be overlooked that like the spokesperson of the German Foreign Ministry, the spokesperson of the US State Department has also said that America is keeping an eye on Rahul's case. The Government of India should not take lightly the comments made by America and then Germany in the case of Rahul Gandhi. He should register his objection at the appropriate forum and instruct these countries to stay within their limits. rmany either do not have knowledge of such matters or they are deliberately trying to interfere in India's internal affairs. Whatever it is, they should stop preaching to India.

# पूर्व प्रमुख के सीने में दफन दो हत्याओं के राज पर पुलिस की नजर




मुरादाबाद- दो सनसनीखे हत्याकांड का पर्दाफाश करने के बाद भी पुलिस की बेचैनी कम नहीं हुई है। पुलिस की नजर मूंढापांडे के पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक के सीने में दफन राज पर गड़ी है। दो हत्याओं के राजदार को रिमांड पर लेकर पुलिस यह जानने की कोशिश करेगी कि आखिरकार दोनों व्यवसायियों से पूर्व प्रमुख की कौन सी अदावत थी। एक साल के भीतर दो परिवारों के महत्वपूर्ण व प्रमुख सदस्यों की जान लेने के पीछे पूर्व प्रमुख की असल मंशा क्या रही? सवालों का जवाब पाने की कोशिश में पुलिस जल्द ही कोर्ट में रिमांड की अर्जी दाखिल करेगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने तीन दिनों के भीतर दो ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश किया। दोनों बहुचर्चित हत्याओं का राजफाश करते हुए एसएसपी ने दावा किया कि दोनों ही घटनाओं की व्यूह रचना मूंढापांडे के पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक ने की। एसएसपी ने यह भी बताया कि सीए श्वेताभ तिवारी व स्पोटस सामान के कारोबारी कुशांक गुप्ता के सिर में गोली मारकर दोनों को मौत के घाट उतारने वाला शूटर केशव सरन शर्मा है। शातिर व बेहद चालाक केशव ने पूर्व प्रमुख के इशारे पर दोनों घटनाओं को अंजाम दिया। दोनों ही घटनाओं में हरथला निवासी खुशवंत सिंह ने बाइक चालक की भूमिका निभाई। महानगर को दहलाने वाले दोनों ही खून में केशव सरन शर्मा व खुशवंत सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख के साथ बराबर के गुनहगार रहे। सिटी कोतवाली में रेती मोहल्ले का रहने वाले विकास शर्मा ने भी सीए हत्याकांड में महत्वपूर्ण भूमिका निभागई। सीए के साले संदीप ओझा का करीबी विकास शर्मा श्वेताभ तिवारी से संबंधित सूचनाएं पूर्व प्रमुख को देता रहा। दोनों ही हत्याकांड से संबंधित साक्ष्य व राज जानने की कोशिश में पुलिस अब पूर्व प्रमुख को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि जल्द ही कोर्ट में रिमांड याचिका दाखिल की जाएगी। ललित कौशिक से पूछताछ पूरी होने के बाद ही दोनों घटनाओं से जुड़े कई अनसुलझे सवालों के जवाब तलाशे जा सकेंगे।

# कागजों पर सरपट दौड़ा संचारी रोग उन्मूलन अभियान, नगर निगम बेपरवाह



मुरादाबाद- संचारी रोगों का उन्मूलन करने की बजाय स्वास्थ्य विभाग कागजी घोड़े दौड़ाने में लगा है। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की दायित्व के प्रति लापरवाही व उदासीनता संकट बनकर लाखों लोगों के लिए खतरा बनी है। नगर निगम भी इससे बेपरवाह बना हुआ है। संचारी रोग व खतरनाक बीमारियों का दायरा बढ़ने के आसार बढ़ते जा रहे हैं। महानगर के बीचोंबीच सड़क किनारे व गड्ढों में पानी भरा है। जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बजाय दोनों विभाग कागजी कार्रवाई में जुटे हैं। 15 मार्च को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मलेरिया विभाग की बैठक हुई थी। इसमें पंचायती राज या ग्राम्य विकास विभाग, पशुपालन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कृषि एवं सिंचाई एवं उद्यान विभाग आदि विभागों के सहयोग के निर्देश दिए गए थे। इसके अलावा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लार्वारोधी गतिविधियां और फॉगिंग करने के निर्देश दिए गए थे। इसके अलावा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में नगर निगम व ग्राम पंचायत विभाग की मदद से फॉगिंग करानेके निर्देश दिए थे। 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनेगा जिला मलेरिया अधिकारी पीएन यादव ने बताया कि जो बीमारी एक मरीज से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति में दूषित भोजन, जल या संपर्क या कीटनाशक या जानवर से फैलती है उसे संचारी रोग कहते हैं। इसमें प्रमुख रूप से डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, कालाजार, चिकिनगुनिया, क्षय और कुष्ठ रोग आदि हैं। बताया कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस पर जिले में मलेरिया निगरानी में सुधार का लक्ष्य है।

# Haj Yatra 2023 : प्रदेश में सबसे ज्यादा मुरादाबाद से रवाना होंगे जायरीन

मुरादाबाद- हज यात्रा पर जाने के लिए प्रदेश भर से आवेदन पूरे हो गए हैं। जिसमें सबसे ज्यादा आवेदन अपने जिले से हैं।

वहीं हज कमेटी आफ इंडिया की ओर से हज यात्रा के लिए जायरीनों द्वारा पहली किस्त जमा करने की तिथि की घोषणा कर दी हैं। हज कमेटी आफ इंडिया की ओर से हज यात्रा 2023 के लिए 20 मार्च तक आवेदन लिए गए थे।

इसमें जिले से 2702 लोगों ने आवेदन किया है। सभी आवेदन कमेटी द्वारा स्वीकार कर लिए गए हैं। हज ट्रेनर खुसरो फैसल उर्फ राजा ने बताया कि हज कमेटी की ओर से हज पर जाने वाले आवेदकों की सूची जारी कर दी गई हैं। जिसमें पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा आवेदन मुरादाबाद से ही आए हैं। इसके अलावा हज कमेटी ने पहली किस्त की अंतिम तिथि भी जारी कर दी हैं।

**मंडल में आवेदकों की संख्या**

| जिला | आवेदकों की संख्या |
|---|---|
| मुरादाबाद | 2702 |
| संभल | 712 |
| बिजनौर | 1050 |
| अमरोहा | 788 |
| रामपुर | 1249 |

# 6.73 लाख मतदाता, महापौर के बनेंगे भाग्य विधाता




मुरादाबाद- नगर निकाय के चुनाव को लेकर तैयारियों ने एक बार फिर तेजी पकड़ ली है। सरकारी मशीनरी भी चुनावी मोड में आ गई है। शनिवार को निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। इसी के साथ जिले में कुल मतदाताओं की संख्या अब 9 लाख 47 हजार से अधिक हो गई है। अनंतिम सूची जारी होने के बाद आए दावे आपत्तियों के बाद नौ हजार से अधिक वोटरों की संख्या बढ़ी है। वहीं, नगर निगम में अब 6 लाख 73 हजार से अधिक मतदाता महापौर के भाग्य विधाता बनेंगे।

नगर निकाय के चुनाव को लेकर पूर्व में जारी हुई अनंतिम मतदाता सूची में जिले में 9 लाख 38 हजार 424 मतदाता थे। इसमें महिला मतदाताओं की संख्या 4,41,860, जबकि पुरुष वोटरों की संख्या 4,96,564 थी। नगर निगम में 6, 69, 328 वोटर थे। जारी हुई अनंतिम सूची के बाद दावे-आपत्तियों के लिए समय दिया गया था। 11 से 18 मार्च तक लोगों ने दावे-आपत्तियां की थीं। एडीएम प्रशासन ने बताया कि 18, 940 कुल आवेदन आए थे, उसमें 8124 अस्वीकार हुए। 10814 स्वीकार किए गए थे। 2 अपूर्ण पाए थे। बताया कि इसके बाद निर्वाचन विभाग की ओर दावे-आपत्तियों का निस्तारण कराया गया। शनिवार को एडीएम प्रशासन/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की ओर से अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया गया है, जिसमें अनंतिम सूची के सापेक्ष जिले में कुल 9082 मतदाता और बढ़ गए हैं। बढ़े वोटरों में महिलाओं की संख्या 4321 और पुरुष की 4761 है। इसी के साथ अब जिले में 9,47, 506 मतदाता हो गए हैं। इसमें 4,46,181 महिला और 501325 हो गई है। नगर निगम की बात करें तो 4515 के बढ़ने के साथ ही कुल मतदाता 6,73,843 हो गई है। यह मतदाता महापौर के भाग्य विधाता बनेंगे।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के अनुसार, उनके कार्यालय के अलावा नगर निगम के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम के पास वार्ड ( 1 से 35 ), अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय ( वार्ड 36 से 70 ) की निर्वाचन नामावली उपलब्ध है, जहां से जन सामान्य देख सकते हैं। इसके अलावा नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर, पाकबाड़ा, अगवानपुर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम सदर, नगर पंचायत कांठ, उमरी कलां के एसडीएम कांठ, नगर पालिका परिषद बिलारी, नगर पंचायत कुंदरकी, महमूदपुर माफी के एसडीएम सदर, नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा, नगर पंचायत के ढकिया के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम ठाकुरद्वारा हैं। संबंधित निकायों के लोग संबंधित अधिकारी के कार्यालय से जानकारी ले सकते हैं।

शनिवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। 11 से 18 मार्च तक दावे-आपत्तियों के बाद उनका निस्तारण कराते हुए निर्वाचन नामावली का प्रकाशन किया गया है। अंतिम सूची में कुल 9082 मतदाताओं की संख्या बढ़ी है।-सुरेंद्र सिंह, एडीएम प्रशासन/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी

# आयुष्मान कार्ड : किसी का सरनेम बदला, तो किसी का जेंडर, 4318 आवेदन निरस्त




मुरादाबाद- सरकार ने भले ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को सुविधा देने के लिए आयुष्मान योजना शुरू की है। लेकिन, हकीकत में जिम्मेदारों की लापरवाही से वह इस योजना के लाभ से वंचित हैं। पोर्टल पर जारी सूची में किसी का सरनेम बदल दिया है तो किसी का जेंडर ही बदला हुआ है। जिससे पात्रता की श्रेणी में आने के बावजूद उनके आवेदन निरस्त किए गए हैं। जिले में मार्च में ऐसे 4318 लोग मिले हैं। जिले में योजना की शुरुआत 23 सितंबर 2018 को हुई थी। योजना के लाभार्थियों को साल 2011 की गणना की सूची के आधार पर तैयार किया गया था। इसमें 1352 तरह की जांच व सर्जरी समेत पांच लाख रुपये तक की निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। 60 प्रतिशत खर्च केंद्र व 40 फीसदी राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। योजना में जिले में 306884 परिवार के 1362878 सदस्यों का कार्ड बनाया जाना है। मार्च में कुल 37,227 लोगों ने आयुष्मान कार्ड के लिए सीएससी व आरोग्य मेला समेत अन्य माध्यमों से आवेदन किया। इसमें खुलासा हुआ कि किसी का सरनेम नहीं मिल रहा, तो किसी का जेंडर अलग है। वहीं, 6970 लोगों का कार्ड जारी किया गया है। जबकि 25,939 आवेदन लंबित हैं। पोर्टल में तकनीकी खामी के कारण कार्ड की स्वीकृति प्रक्रिया धीमी चल रही है। शासन को लोगों की परेशानी के संबंध में अवगत कराया गया है। उम्मीद है जल्द समाधान होगा और लंबित कार्ड जारी किए जाएंगे। डॉ. एमसी गर्ग, सीएमओ

# बाइक सवार दो लोगों से तीन लाख रुपये लूटे, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

मुरादाबाद- कोतवाली क्षेत्र में चंदौसी रोड पर विजयपुर के पास हाइवे पर बाइक सवार दो बदमाशों ने चंदौसी जा रहे दो बाइक सवारों से बैग में रखे तीन लाख रुपये लूट लिए और फरार हो गए। सूचना पर कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने फर्म के मालिक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।संभल के चंदौसी के स्टेशन रोड निवासी प्रिंस मल्होत्रा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनकी चंदौसी में वीके मल्होत्रा एंड संस के नाम से फर्म है। जिसमें चंदौसी के मौलागढ़ निवासी रमेश सैनी पुत्र प्रसादी लाल और खुर्जा गेट निवासी मुकेश पुत्र रामकिशोर बाइक से चंदौसी आ रहे थे। बताया कि शनिवार रात 10 बजे जैसे ही वह हाइवे पर विजयपुर मोड़ के पास पहुंचे तभी पीछे से बाइक सवार बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिर गए। आरोप है कि इसके बाद बदमाशों ने थैले में रखे तीन लाख रुपये उनसे छीन लिए और फरार हो गए। इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी अमित कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के
डेली अखबार आवश्यकता है
सभी जिलो में व्यूरो, स्थानीय रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# जंगली जानवरों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा 1 सप्ताह में 6 मवेशियों का शिकार हो गया




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर-चांदनी बिहारपुर से लगे आसपास के गांव में जंगली जानवरों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा 1 सप्ताह में 6 मवेशियों का शिकार हो गया. जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है. मंगलवार को गढ़वतिया के नजदीक एक तेंदुआ ने एक गाय को शिकार बना लिया था तो वही शाम होते ही रसौकी गाव में तेंदुआ ने फिर से एक गाय का आहार बनाया. बुधवार को शाम जंगली जानवरों ने फिर से 2 मवेशियों का शिकार कर मौत के घाट उतार दिया है आज शाम लुल में फिर से हीरालाल चेरवा का 1 मवेशियों का शिकार कर मौत के घाट उतार दिया है ग्रामीण जगबन्धन ने बताया कि उसका बैल जंगल गांव के किनारे महुआ पेड़ के पास था जानवर ने हमला कर मार डाला इसी तरह एक अन्य ग्रामीण की गाय के साथ हुआ जब गांव महुआ खा रही थी.इन दिनों महुआ का सीजन चल रहा है बडी संख्या में ग्रामीण जंगल की ओर जाकर महुआ का फल चुनते है जिससे उनकी आजीविका का मुख्य जरिया है अब इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुए की धमक आये दिन देखा जाते रहा है। गुरुघासी दास राष्ट्रीय उद्यान रिहंद परिक्षेत्र महुली रेंजर ने बताया कि 6 मवेशियों की मौत की जानकारी मिली है कर्मचारी भेजा गया है साथ ही कैमरा लगाया जाएगा जिससे पता चल रहे क्या जानवर था- ललित साय पैकरा

# प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य व जिला सहप्रभारी बने इरफान



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- दतिमा मोड़-भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के सहमति व अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद के द्वारा प्रदेश पदाधिकारियों व जिला प्रभारियों का घोषणा की गई है। जिसमें सूरजपुर जिले के दतिमा निवासी मोहम्मद इरफान अंसारी को प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य एवं कोरिया जिले का सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर इरफान ने सौंपी गई जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए अपेक्षा पर खरा उतरने की बात कही है। इस नियुक्ति पर प्रदेश संगठन व जिला के समस्त नेताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरने का कोशिश करूंगा। इनके नियुक्ति के पश्चात इनके परिवार व मित्रो में हर्ष व्याप्त है।

## संक्षिप्त समाचार

# प्रधानाध्यापिका शिखा अग्रवाल ने बच्चों को परीक्षाफल वितरित किया




प्रदीप गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली-रिठौरा। प्राथमिक विद्यालय कलारी में ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विनय कुमार,खण्ड शिक्षा अधिकारी बिथरी चैनपुर अवनीश प्रताप सिंह, प्रधानाध्यापिका शिखा अग्रवाल ने बच्चों को परीक्षाफल वितरित किया।जिसे पाकर मासूमों के चेहरे खिल उठे। प्रधानाध्यापिका ने बच्चों को बेहतर परिणाम लाने के लिए बच्चों तथा स्टाफ की मेहनत को सराहा और उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर मनीषा गंगवार,पूजा आर्या,सोहन सिंह, पुष्प लता, अजीता, सोमवीर, अंशु पाल, शालिनी आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# बाबा महाकाल की शरण में पहुंचीं प्रसिद्ध अभिनेत्री रवीना टंडन, गर्भगृह में किया पूजन




विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के आंगन में वीआईपी का तांता लगा रहता है। रविवार सुबह भस्मारती में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल पहुंचे थे, वहीं दोपहर में मशहूर सिने तारिका रवीना टंडन ने महाकाल के दरबार में हाजिरी लगाई। रवीना ने गर्भगृह में पूजन किया। मस्तक पर तिलक, गले में हार पहने नजर आई रवीना ने सभी के कल्याण की मनोकामना की है।बता दें कि रविवार दोपहर में अदाकारा रवीना टंडन बाबा महाकाल के दरबार में पहुंची थीं। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर मे महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी बाला गुरु द्वारा प्रसिद्ध अभिनेत्री रवीना टंडन को मंदिर के गर्भगृह में पूजन अर्चन व अभिषेक करवाया गया। बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद रवीना टंडन ने पत्रकारों से कहा कि नई फिल्म सफल हो यह तो हम चाहते ही हैं, लेकिन आज बाबा महाकाल से कामना किए कि सब खुशहाल रहें। और सभी का भला हो। विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद प्रसिद्ध अभिनेत्री रवीना टंडन ने मंदिर में स्थित अन्य देवी स्थलों के भी दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान अभिनेत्री रवीना टंडन बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए जिन्होंने अपने सिर पर तिलक भी लगवाया था

# धीरेंद्र शास्त्री पर भड़के मौलाना शहाबुद्दीन: कहा- मुसलमानों को धमकी देना बंद करें, अपनी मर्यादा में रहें





बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री के बयानों पर बरेली के मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री मुसलमानों को धमकी देना बंद करें और अपनी मर्यादा के दायरे में रहें। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री पर एक बार फिर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। यहां हर एक व्यक्ति को अपने धर्म के प्रचार और प्रसार की इजाजत हासिल है, मगर धर्म के नाम पर किसी भी समुदाय को धमकी देने की इजाजत नहीं है। मौलाना ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री कई मौकों पर मुसलमानों को धमकी दे चुके हैं। अभी हाल में कहा था कि भारत में रहना होगा तो सीताराम कहना होगा। इससे पहले भी धीरेंद्र शास्त्री मुसलमानों को पासपोर्ट बनवाने की धमकी दे चुके हैं। किसी भी धार्मिक व्यक्ति का इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना एक बहुत बड़े तबके को उकसाना और उसके खिलाफ साजिश रचना माना जाएगा।

## भड़काऊ बयानों से फैल रहा नफरत- मौलाना

शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि इस तरह के भड़काऊ बयानों से देश में नफरत फैल रही है, जिससे देश को मजबूत करने के बजाय कमजोर किया जा रहा है। मौलाना ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री से गुजारिश करता हूं कि मुसलमानों को धमकी देना बंद करें और अपनी मर्यादा के दायरे में रहें। बता दें कि धीरेंद्र शास्त्री के बयानों पर मौलाना पहले भी कई बार प्रतिक्रिया दे चुके हैं।

# 30 हजार रूपये कीमत के नशीली कफ सिरप सहित 1 गिरफ्तार, थाना प्रतापपुर पुलिस की कार्यवाही




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्व सख्त कार्यवाही करते एवं क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल फैलाने के निर्देश दिए थे जिसके बाद से ही जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे पर सतत् निगाह बनाए हुए है।

इसी परिप्रेक्ष्य में बीते दिन थाना प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम चमनपुर (चेमी) थाना चलगली निवासी शनि मिया अपने पास नशीली कफ सिरप रखकर ग्राम शिवपुर में ग्राहक का इंतजार कर रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर पुलिस की टीम ने ग्राम शिवपुर में घेराबंदी कर तनज्जुल रहमान उर्फ शनि पिता स्व. खलीलुल रहमान उम्र 45 वर्ष को पकड़ा जिसके कब्जे से ऑनरेक्स कफ सिरप 60 नग जिसकी बाजारू कीमत करीब 30 हजार रूपये है जिसे जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई राजेश तिवारी, नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक रामाधीन श्यामले, भूपेन्द्र सिंह, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, अरविन्द पाण्डेय, अवधेश कुशवाहा, मनोज राय, अनिल एक्का प्रवीण पैंकरा व निरंजन एक्का सक्रिय रहे।

# ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में होगा बड़ा परिवर्तन, अब बीडीसी नहीं जनता चुनेगी; डिप्टी सीएम ने दिए संकेत



डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जल्द भविष्य में ब्लॉक प्रमुखों का चुनाव जनता द्वारा कराए जाने पर सरकार विचार कर रही है। जिसके बाद ब्लॉक प्रमुखों को प्रोटोकॉल के साथ-साथ विभागीय बैठक व योजनाओं में पूर्ण सहभागिता मिलेगी।उत्तर प्रदेश में ब्लॉक प्रमुख की चुनाव प्रक्रिया में बड़ा परिवर्तन हो सकता है। आगरा में ग्राम विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा और मंडल स्तरीय ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ सम्मेलन में आए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ऐसे संकेत दिए। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ऐसी व्यवस्था पर विचार कर रही है जिसमें ब्लॉक प्रमुख पद का चुनाव भी क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान की तरह जनता द्वारा किया जाएगा। सम्मेलन में आगरा मथुरा फिरोजाबाद व मैनपुरी से 42 से अधिक ब्लॉक प्रमुख व उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रमुखों ने शस्त्र लाइसेंस दिलाने, मनरेगा में बजट का प्रावधान, सार्वजनिक भूमि से कब्जे हटवाने और प्रमुखों का प्रोटोकॉल निर्धारित करने की मांग की। साथ ही वर्षों से ब्लॉक में जमे बीडीओ के लिए तबादला नीति बनाने की मांग की, जिसके जवाब में ग्राम्य विकास मंत्री व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जल्द भविष्य में ब्लॉक प्रमुखों का चुनाव जनता द्वारा कराए जाने पर सरकार विचार कर रही है। जिसके बाद ब्लॉक प्रमुखों को प्रोटोकॉल के साथ-साथ विभागीय बैठक व योजनाओं में पूर्ण सहभागिता मिलेगी। उन्होंने कहा बीडीओ का ब्लॉक स्तर पर तबादले किए जाएंगे।

## एक घंटा देरी से पहुंचे डीप्टी सीएम

रविवार को नगर निगम सभागार में 11:30 शुरू होने वाले सम्मेलन में एक घंटा देरी से 12:30 बजे डिप्टी सीएम पहुंचे। सम्मेलन में प्रमुखों ने जहां अपनी सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस की मांग रखी, वहीं ब्लॉक डेवलपमेंट अधिकारी बीडीओ ने भी अपनी सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस दिलाने की गुहार लगाई।

## ये रहे मौजूद

इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, विधायक डॉ. जीएस धर्मेश, एमएलसी विजय शिवहरे, पक्षालिका सिंह, डीएम नवनीत सिंह चहल मौजूद रहे। सम्मेलन के बाद उपमुख्यमंत्री मीडिया से मुखातिब हुए। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास पर भाजपा का ध्यान है। आगे चलकर भाजपा का मतलब विकास और विकास का मतलब भाजपा होगा। उन्होंने सपा पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि सपा का मतलब गुंडा राज और अपराध है। आगरा की एयर कनेक्टिविटी के सवाल पर मौर्य ने कहा आगरा के विकास को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। जी-20 में जो कार्य हुए वह सराहनीय हैं। आगरा मेट्रो सिटी बन रहा है।

KNLS लाइव
KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
बिना किसी सिक्यूरिटी के
KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999’ में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

# पिता की पत्नी बनकर मृतक आश्रित में पेंशन लेने लगी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- लेखपाल और उसकी पत्नी के निधन के बाद बेटी ने दस्तावेजों में हेराफेरी कर पिता की पत्नी बनकर मृतक आश्रित में पेंशन लेने लगी। शिकायत हुई जांच में मामला खुल या। एसडीएम के आदेश पर महिला के खिलाफ कोतवाली अलीगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहल्ला कूंचादायम खां निवासी विजारत उल्ला खां लेखपाल थे और 30 नवंबर 1987 को रिटायर हो गए थे। लेखपाल का दो जनवरी 2013 निधन हो गया था जबकि उनकी पत्नी साविया बेगम की लेखपाल के निधन से पूर्व ही मौत हो चुकी थी। लेखपाल की बेटी मोहसिना परवेज पत्नी फारूख अली ने धोखाधड़ी कर लेखपाल की बेगम को जिंदा दिखाते हुए पेंशन प्रपत्रों में हेराफेरी कर खुद साबिया बेगम पत्नी विजारत उल्ला खां बताकर तथा नाम दर्ज कराकर पेंशन प्राप्त करने लगी। सालों से पेंशन ले रही थी। एक माह पहले इसकी शिकायत एसडीएम मानवेन्द्र सिंह से की है। शिकायत पर जांच की गई। जांच में मामला सामने आया है। एसडीएम ने एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए। रजिस्ट्रार कानून गो ने कोतवाली अलीगंज में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एक माह पहले शिकायत आई थी। शिकायत पर जांच की गई। जांच में सामने आया कि लेखपाल की 2013 में मौत हो गई थी इनकी पत्नी का भी निधन हो गया था। बेटी लेखपाल की पत्नी बनकर पेंशन ले रही थी। मामले में कोतवाली अलीगंज में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।- मानवेन्द्र सिंह, एसडीएम अलीगंज एटा।

दोनों ही पत्नियों की हो चुकी है मौत - अलीगंज। एसडीएम ने बताया कि जांच में सामने आया है कि लेखपाल ने दो शादी की थी। दोनों ही पत्नियों की मौत हो चुकी है। पेंशन ले रही थी वह उनकी पहली पत्नी की बेटी है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। धोखाधड़ी कर शासकीय धन का भी दुरपयोग किया है।

# सीज हॉस्पिटल से लाखों रुपये के उपकरण चोरी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- सीज किए गए हॉस्पिटल से लाखों के उपकरण चोरी हो गए। जानकारी के बाद पहुंचे संचालक ने चोरों के विरूद्ध तहरीर दी है। नगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अलीगढ़ थाना जवां के सियाखास निवासी पवन कुमार ने कोतवाली नगर में दी तहरीर में बताया कि बड़े भाई अमन प्रताप उर्फ रिंकी आगरा रोड स्थित आराध्या हॉस्पीटल के संचालक थे। करीब आठ माह पूर्व महिला की मौत के बाद हॉस्पिटल को सीज कर दिया गया था। पीड़ित के अनुसार हॉस्पिटल में तीन साझेदार है। इसमें पीड़ित, दूसरे बंटू यादव तथा तीसरे कासगंज के व्यक्ति थे। 29 मार्च की रात को सामने का शीशा तोड़कर 23 लाख का सामान चोरी कर ले गए। तीस मार्च की सुबह गृहस्वामी, पार्टनर के भाई ने कॉल कर सूचना दी, जिसके बाद पीड़ित ने कोतवाली नगर में तहरीर दी थी। पीड़ित के अनुसार चोर एक सियार्म मशीन, छह मॉनीटिर, तीन एलईडी, एक वैल्टीनेटर, कोटन मशीन सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए है। पीड़ित ने शनिवार को कोतवाली नगर में चोरी हुए सामान की लिस्ट सौंपी है। इतना ही नहीं पीड़ित ने ट्वीट भी किया है। बड़ी गाड़ी लेकर आएं होंगे चोर, आसानी से की चोरी एटा। चोरी की गई एक मशीन एक्सरे मशीन जितनी बड़ी होती है साथ ही वैल्टीनेटर भी चोरों ने किया है। चर्चा है कि चोर बड़ी गाड़ी से आएं होंगे और आसानी से सामान भरकर चोरी कर ले गए है। चर्चा यह भी है कि आगरा रोड़ पर हर समय वाहन भी चलते है और घर भी बने हुए है। ऐसे में चोरी की किसी को भनक तक नहीं लगी है।

KNLS लाइव हर खबर लाइव
KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश ,
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
बिना किसी सिक्यूरिटी के
KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

# लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है -विवेक बंसल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-जिला कांग्रेस कार्यालय एटा पर श्री विवेक बंसल पूर्व एमएलसी पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रभारी हरियाणा ने प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि आज भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा इस प्रकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है अपने विरोधियों को दमन करने के लिए किसी स्तर पर जा रहे हैं यह हमने देखा है और आज जो हम अमृत महोत्सव प्रजातंत्र का अमृत काल मना रहे हैं और ऐसे में लोकतंत्र के गला घुटने की कार्रवाई और विपक्ष के द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब न देते हुए उसे अयोग्य घोषित करना उसे दबाना डराना धमकाना यह सब हो रहा है यह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने कहा कि हमारा देश प्रजातांत्रिक देश है और इसकी आजादी के लिए और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमारे पूर्वजों ने बड़ी कुर्बानियां दी है लंबी लड़ाई लड़ी है अगर लोकतंत्र पर आचआएगी तो हम खामोश बैठने वाले नहीं है पूरे देश में इसका विरोध हो रहा है विपक्षी दलों के लोग भी इस घटना का विरोध कर रहे हैं मेरा तो सीधा कहना है कि इधर उधर की न बात कर यह बता कि काफिला लुटा कहां उन्होंने कहा कि जब अड़ानीपर सवाल पूछा जाता है तो भाजपा को तकलीफ क्यों होती है उन्होंने कहा कि श्री राहुल गांधी जी ने प्रेस के माध्यम से सवाल पूछे थे और आज वही सवाल लेकर मैं एटा आया हूं और उन्हीं सवालों का जवाब हमें लेना है कि वह 20000 करोड किसका है यह शेल कंपनियां किसकी थी और जब कंपनियों के शेयर लगातार गिर रहे थे और जब 60त्न तक गिर गया तब हमारे एसबीआई और एलआईसी के पैसे किसके आदेश पर अडानी की कंपनियों पर लगाया जा रहा था यह बड़े सवाल हैं जिनका जवाब हम आपके माध्यम से भाजपा सरकार से लेना चाहते हैं हम यह कहना चाहते हैं कि राहुल जी को बचाने की जरूरत नहीं है आज राहुल गांधी जी खुद देश के किसानों मजदूरों गरीबों नौजवानों एवं महिलाओं की आवाज बन चुके हैं उन्होंने लगभग 5 महीने की भारत जोड़ो यात्रा कर महंगाई बेरोजगारी और समाज में जो खाई है उसे काटने के लिए ही यात्रा किए सवाल राहुल जी का नहीं है वल्किदेंश का है और सवालइस बात का है प्रधानमंत्री जी का अड़ा नीजी से क्या संबंध है अड़ा नोके शेल कंपनियों में पैसे किसने लगाए और क्यों लगाए और जो जनता का पैसा एल आईसीऔर एसबीआई में लगा है उसमें जो नुकसान हो रहा है उसकी जांच क्यों नहीं कराई जा रही है उन्होंने कहा कि हम डरने वाले नहीं है आज राहुल जी की आवाज पूरे देश की आवाज बन गई है आगे कहा कि नीरव मोदी ललित मोदी मेहुल चौकसीकी जो पिछड़ी जाति से नहीं आते हैं सर नेम लिखने से किसी की जाति का पता नहीं चलता इसलिए भाजपा मुद्दे को भड़काने का काम ना करें उन्होंने कहा कि पिछड़ों को लेकर भाजपा की सोच जगजाहिर है अगर भाजपा पिछड़ों की हितेषीहै तो अब तक जातीय जनगणना क्यों नहीं कराई उन्होंने कहा कि अभी तक यूपी के नगरीय निकाय चुनाव क्यों नहीं कराए गए यह केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए और अडानी के मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने के लिए सारे कवायद की जा रही है जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गंगा सहाय लोधी ने कहा की भारत में महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार अशिक्षा महिलाओं एवं गरीबों का उत्पीड़न चरम सीमा पर है इन सभी से ध्यान भटकाने के लिए राहुल गांधी जी को अनावश्यक रूप से विभिन्न मुकदमों में फंसा कर देश को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है आज की बैठक में उपस्थित होने वाले मुख्य रूप से श्रीमती सत्या बहन पूर्व सांसद एआईसीसी विनीत पाराशर बाल्मीकि शहर अध्यक्ष, पीसीसी श्री अनिल सोलंकी उपाध्यक्ष संगठन पीसीसी श्रीमती तारा राजपूत एआईसीसी श्रीमती निरमा राज पीसीसी इरफान एडवोकेट पीसीसी,रामकुमार सक्सेना पीसीसी आशिक हुसैन उर्फ भोले भैया पीसीसी नैना शर्मा सीसीसी सरिता अंबेडकर जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रमेश वर्मा पूर्व पीसीसी अमित कुमार गुप्ता जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ नंद लाल यादव प्रदेश सचिव शिक्षक प्रकोष्ठ संदीप प्रतिहार जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया इंजीनियर सुरेंद्र कश्यप पूर्व प्रदेश महासचिव नौशाद अली जिला सचिव राज बहादुर सिंह शार्क जितेंद्र राजपूत जयकुमार विकास गौतम पूर्व जिलाध्यक्ष एससी एसटी प्रकोष्ठ मुकेश बघेल राहुल पाराशर जितेंद्र सिंह जाटव पुरा मोनिका सम्राट संतोष कुमार गौतम चेयरमैन विधि प्रकोष्ठ संजीव गुप्ता अनुभव पाठक ब्लॉक अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश मिश्रा एडवोकेट अशोक पाल प्रधान चौधरी रामपाल सिंह यादव धर्मेंद्र कुमार ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह राहुल वर्मा श्रीमती बेबी रानी गिरी आदि उपस्थित हुए

# विधायक ने संचारी रोग नियत्रंण जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




श्रावस्ती- श्रावस्ती प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा लोक भवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ''विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान-2023'' का शुभारम्भ किया गया। जिसका सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उक्त के क्रम में जनपद में संचारी रोग नियंत्रण हेतु विशेष अभियान का शुभारम्भ अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा मुख्यमंत्री के उद्बोधन को भी सुना गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं जनसमुदाय को ''संचारी रोग नियंत्रण अभियान'' की शपथ भी दिलायी। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि प्रदेश सरकार के मंशानुसार जनपद में संचारी रोगों से बचाव हेतु ''संचारी रोग नियंत्रण/ दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों में संचारी रोगों का खतरा अधिक होता है। इसलिए साफ-सफाई अपनायें-मां और बच्चों को रोगों से बचायें। उन्होंने जन सामान्य से अपील किया है कि बुखार होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/चिकित्सालय पर जायें और सरकार द्वारा प्रदत्त नि:शुल्क इलाज कराकर मरीज को स्वस्थ्य बनायें तथा बिना चिकित्सक की सलाह के अनावश्यक औषधियों का सेवन न करें तथा झोला छाप चिकित्सकों से बचें। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार जन-जन को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलायी जा रही है, जिससे जनपद के साथ-साथ प्रदेशवासी लाभान्वित हो रहे है। उन्होने कहा कि इससे बचाव हेतु पानी एवं अन्य तरल पदार्थों जैसे- नारियल पानी, शिकंजी, ताजें फलों का रस इत्यादि का अधिक सेवन करें। उन्होने कहा कि स्वच्छता अपना कर ही तमाम बीमारियों को दूर भगाया जा सकता है, इसलिए सभी अपना सहयोग प्रदान कर इस अभियान को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका निभावे, ताकि जनपदवासी स्वच्छता अपना कर स्वयं स्वस्थ्य रहें और अपने परिवार के साथ-साथ समाज को स्वस्थ्य रखा जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

# नगर पालिका एवं जलनिगम की लापरवाही के कारण जनता को करना पड़ रहा मुश्किलों का सामना



नशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-शहर की मुख्य गांधी मार्केट से शिकोहाबाद को जाने बाली व्यस्ततम सडक शहर की मुख्य सडक पर ई रिक्शा बने अतिक्रमण की वजह शहर की मुख्य सड़क नई वस्ती प्रेमनगर बाली सड़क की लगभग एक माह पूर्व सीवर लाइन के कनेक्शन के लिए खोदे जाने बाली सड़को की अभी तक नहीं की गई रिपेयरिंग जिससे आने जाने बाले वाहनों को होती है। परेशानी वही देखा जाए तो एटा नगर पालिका में कई बस्ती ऐसी है जहां पर पीने के पानी की व्यवस्था तक नहीं है लोगों को पानी लेने के लिए सैकड़ों मीटर तक जाना पड़ता है नगर पालिका प्रशासन क्यो नहीं देता है

इन बस्तियों पर ध्यान जहां पर लाइट पानी एवं सड़क की दुर्व्यबस्था है। जो नेता इलेक्शन के टाइम पर गली-गली घर-घर जाकर वोट मांगते हैं। आने वाले 5 सालों मैं जनता के हाल-चाल तक नहीं पूछते है। यह पूरा मामला थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत नई बस्ती स्वर्णपुरी गांधी मार्केट का है

# ढाई लाख मतदाता चुनेंगे निकायों की सरकार

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-जनपद की दस निकायों के लिए मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शनिवार की देरशाम तक इस पर काम चलता रहा। अब जिले भर में दो लाख 51 हजार से अधिक लोग मतदान करेंगे। शनिवार को तहसीलों में नगर निकाय के मतदाता सूची को अंतिम प्रकाशन पर जोर रहा। अपने-अपने मतों के बारे में जानकारी ली है। दूसरी ओर मतदान के लिए 270 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर मतदान होगा। नगर पालिका का चुनाव लड़ने की तैयारियां कर रहे लोग मतदाता सूचियों को पढ़ रहे है। अपने-अपने क्षेत्र के वोटों को देख रहे है। जिले भर में कुल मतदाताओं की संख्या 251688 हो गई। एडीएम आयुष चौधारी ने बताया कि शनिवार को मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। अब तक यह हुई मतों की संख्या निकायों के नाम कुल मतदाता मारहरा 21190 एटा 11185 सकीट 6699 निधौली कलां 7457 मिरहची 16025 जलेसर 33322 अवागढ़ 9410 अलीगंज 26428 राजा का रामपुर 10217 जैथरा 9755 कुल मतदाता 251688 नगर निकाय नाम 2017 में मतदाताओं की संख्या अलीगंज 23696 मारहरा 15868 एटा 105843 जलेसर 28994 सकीट 6319 राजा का रामपुर 9263 अवागढ़ 8458 जैथरा 9300 निधौली कलां 6947 मिरहची नई नगर पंचायत

# सपा नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव के घर का गेट तोड़ा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-एटा में जिला प्रशासन ने सपा नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव के घर का गेट तोड़ा, अवैध रूप से नाले से बाहर जबरन बना लिया था घर का मैन गेट, जिला प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर नगरपालिका की 2 बुल्डोजरों की मदद से हटाया गया दबंग सपा नेता का अवैध अतिक्रमण, एसडीएम सिटी शिवकुमार सिंह, ईओ नगर पालिका संजय गौतम और कोतवाली नगर एसएचओ डॉ0सुधीर कुमार सिंह सहित भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हटाया गया अवैध अतिक्रमण, पूर्व सपा नेता जुगेंद्र सिंह यादव गैंगस्टर एक्ट सहित 88 गंभीर मुकदम्मो में बंद है एटा जिला जेल में , और उनके भाई सपा के पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव भी गैंगस्टर एक्ट सहित अन्य मामलों में अलीगढ़ जेल में है बंद उन्हें हाल ही में एटा जेल से अलीगढ़ जेल में किया गया है शिफ्ट, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के प्रेम नगर पर सपा नेता के घर बुलडोजर चलने का मामला।

# व्यक्तित्व का समग्र विकास एवं चरित्र निर्माण को लेकर कार्यशाला का आयोजन


प्रदीप गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




बरेली-रिठौरा। मैस्कॉट कॉलेज ऑफ फार्मेसी में एक दिवसीय शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वाधान में व्यक्तित्व का समग्र विकास एवं चरित्र निर्माण पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ चेयरमैन शिव कुमार अग्रवाल, सचिव सुशील अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चियों ने मां सरस्वती की वन्दना प्रस्तुत कर ज्ञान की देवी का आह्वान किया।इस मौके पर चेयरमैन श्री अग्रवाल ने विद्यार्थियों को दिनचर्या, जीवनचर्या तथा पाठचर्या को सुधार कर चरित्रनिर्माण की विधियों पर चर्चा करी। उन्होंने कहा कि संकल्पित, विश्वसनीय, श्रद्धावान, भक्तिवान, समर्पित तथा ज्ञानी शिक्षक ही चरित्रनिर्माण कर सकने में सफल हो सकते हैं। उन्होंने सभी से रामचरितमानस ग्रंथ से राम के चरित्र का अवलोकन करते हुए उसे अपने जीवन में धारण करने का आग्रह किया। कार्यशाला में आए संयोजक जगराम ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के उत्तर पश्चिम भारत के शिक्षकों को नियम पालन, आज्ञा पालन, समय पालन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपनी भाषा, वेशभूषा, भोजन,भवन तथा सांस्कृतिक धरोहरों को न तो स्वयं भूलें, और न ही अपने विद्यार्थियों को भूलने दें। यह व्यक्तित्व के समग्र विकास का पहला कदम है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में ही व्यक्तित्व का निखार होता है। कार्यक्रम में रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ए0के0 जेतली ने मैकाले द्वारा शिक्षा व्यवस्था पर किये गए प्रहार तथा उससे बचने के लिए संकल्पित होने की आवश्यकता पर जोर दिया। सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में पांच समूह बना कर प्राणायाम, आहार, सदाचार तथा व्यवहार जैसे विषयों के माध्यम से चरित्र निर्माण के तौर तरीकों पर चर्चा करी। जिसके निष्कर्ष को सभी के सामने रखा। अंत में निदेशक डॉ आलोक उपाध्याय ने सभी को इस समसामयिक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा में सम्मिलित होने के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम में न्यास के प्रांत संयोजक अलंकार वशिष्ठ, विश्वविद्यालय तथा बरेली कॉलेज से आए तमाम शिक्षकों के साथ प्राचार्य डॉ जयकरन , वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्याम अवस्थी, सुनंदा सोमा, प्रीति तोमर, हेमन्त आकांक्षा सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# सांसद संजीव अरोड़ा संसद में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं का उठाया मुद्दा

सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



लुधियाना- सांसद संजीव अरोड़ा ने आज यहां एक बयान में कहा कि उन्होंने पूछा था कि क्या सरकार ने आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं में वृद्धि का संज्ञान लिया है; यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं। उन्होंने यह भी पूछा था कि क्या आवारा कुत्तों की देखभाल के लिए कोई राष्ट्रीय नीति है; और यदि नहीं, तो क्या इसे जल्द से जल्द बनाया और कार्यान्वित किया जाएगा। संजीव अरोड़ा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने संयुक्त रूप से %2030 तक भारत से डॉग मेडिएटेड रेबीज एलिमिनेशन ( एनएपीआरई ) के लिए नेशनल एक्शन प्लान% शुरू किया है। आवारा कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रण और आवारा कुत्तों का प्रबंधन स्थानीय निकायों का काम है। केंद्र सरकार ने एनिमल बर्थ कंट्रोल ( डॉग्स ) रूल्स, 2023 बनाया है, जिसे आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय प्राधिकरण द्वारा लागू किया जाना है। नियमों का फोकस जनसंख्या स्थिरीकरण के साधन के रूप में आवारा कुत्तों के एंटी-रेबीज टीकाकरण और आवारा कुत्तों की नसबंदी पर है। संजीव अरोड़ा ने आवारा कुत्तों की आबादी की जांच के लिए पर्याप्त उपाय करने के लिए स्थानीय नगर पालिका अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शहर भर में 80,000 से अधिक आवारा कुत्तों की पहले ही नसबंदी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इन उपायों से अंततः शहर में आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं में कमी आएगी।

# मोदी सरकार की तानाशाही के आगे घुटने नहीं टेकेगी कांग्रेस पार्टी : संजय तलवाड़

सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



लुधियाना- कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा से निष्कासित करने के मुद्दे पर लुधियाना कांग्रेस पार्टी द्वारा 3 अप्रैल को निकाली गई संविधान बचाओ यात्रा अब 5 अप्रैल को होगी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय तलवाड़ ने यह जानकारी दी है। इस बारे में मीडिया को दिया हलका वेस्ट ब्लॉक-1,2 के ब्लॉक अध्यक्ष मुनीश शाह व रूपेश जिंदल के नेतृत्व में बैठक में पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष संजय तलवाड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार की तानाशाही के आगे घुटने नहीं टेकेगी क्योंकि यह लड़ाई केवल कांग्रेस की नहीं है, बल्कि संविधान के मूल्य उन मूल्यों की रक्षा के लिए हैं, जिनका उल्लंघन भाजपा सरकार कर रही है। भाजपा को यह समझना चाहिए कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां तानाशाही नहीं चलेगी और देश की जनता बदमाशी सहन करना नहीं करेगी ।उन्होंने कहा कि देश की आजादी और प्रगति को नेहरू-गांधी परिवार भुला नहीं सकता। नवगठित राष्ट्रवादी भाजपा ने कांग्रेस को राष्ट्रवाद का पाठ नहीं पढ़ाया, देश की संवैधानिक संस्थाओं को नियंत्रित कर भाजपा विरोधियों की आवाज और आम जनता की आवाज का भी दमन किया जा रहा है।हां दूसरी तरफ सरकार पूरी तरह से व्यापारी मित्रों से मिली हुई है, इसलिए राहुल गांधी को संसद में भाजपा के व्यापारिक मित्रों के बारे में पूछे गए सवालों के कारण यह सब झेलना पड़ रहा है। कांग्रेस पार्टी इस तरह के ईंट-पत्थर का जवाब बर्दाश्त नहीं करेगी.% वहीं ब्लॉक अध्यक्ष मुनीश शाह व रूपेश जिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बहुत कठिन समय देखा है, कांग्रेस के पूर्ववर्तियों ने अंग्रेजों के आगे घुटने नहीं टेके, कांग्रेस इस भाजपा के सामने नहीं झुकेगी, केंद्र सरकार के जुल्म से लड़ेंगे और संविधान को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।उन्होंने कहा कि पंजाब कांग्रेस का जो भी आदेश होगा हम उस पर नजर रखेंगे और संविधान बचाने की यात्रा में केंद्र सरकार की नीतियों से लोगों को अवगत कराएंगे। इस मौके पर बलकार सिंह संधू, महाराज राजी, सनी भल्ला, पंकज काका शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, पूनम मल्होत्रा, बलजिंदर सिंह बंटी, हरि सिंह बराड़, दारा बब्बर, दिलराज सिंह, मनदीप रिखी, नानक सिंह, अमित चौधरी, सुनील कपूर, गिरीश प्रभाकर, इंद्रजीत रायपुर आदि मौजूद रहे।

# 3 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा से होगा शुभारम्भ,श्री वार्ष्णेय मंदिर का 23 वां भव्य पाटोत्सव 3 अप्रैल से 8 अप्रैल तक

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



अलीगढ- महाआरती , छप्पन भोग , सुरभि चतुर्वेदी की भजन संध्या जैसे कई बड़े कार्यक्रम होंगे महानगर अलीगढ़ के मध्य स्थित भव्य श्री वार्ष्णेय मंदिर का 23 वाँ भव्य पाटोत्सव समारोह विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा । श्री वार्ष्णेय मंदिर सोसायटी के अध्यक्ष एल डी वार्ष्णेय एवं सचिव व्यवस्थापक राधेश्याम गुप्ता स्क्रैप वालों ने इस संबंध मे आयोजित पत्रकार वार्ता मे बताया कि इस वर्ष श्री वार्ष्णेय मंदिर का 23 वाँ भव्य पाटोत्सव मनाया जा रहा है ।इस पाटोत्सव कार्यक्रम के लिए श्री वार्ष्णेय मंदिर पर जबरदस्त तैयारियां चल रही हैं । विभिन्न संगठनों व समाजसेवियों ने खुद आगे बढ़कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना योगदान देना प्रारम्भ कर दिया है । श्री वार्ष्णेय मंदिर के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक एवं कान्हा वार्ष्णेय के अनुसार 3 अप्रैल 2023 दिन सोमवार को दाऊजी मंदिर महावीर गंज से साँय 4=00 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी , जो महानगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए श्री वार्ष्णेय मंदिर पर संपन्न होगी । गोपाल सासनी , नरेन्द्र मृदु , गिरीश वार्ष्णेय एवं ललित वाई के के अनुसार भव्य कलश यात्रा मे सभी महिलाएं पीत् वस्त्रों मे और पुरुष सफ़ेद वस्त्रों मे हिस्सा लेंगे ।

इस भव्य कलश यात्रा का महानगर के विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत की भी व्यवस्था है । श्री वार्ष्णेय मंदिर के कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र गुप्ता फोटो एवं मंत्री यतेंद्र वाई के, संजीव बैभव एवं अन्नू बीड़ी के अनुसार 4 अप्रैल 2023 दिन मंगलवार का पाटोत्सव कार्यक्रम का मुख्य कार्यक्रम रहेगा । जिसमें प्रातः 9=00 बजे दुग्ध अभिषेक , प्रातः 11=00 श्री वासुदेवाय महायज्ञ साँय 6=00 बजे फूल बंगला व छप्पन भोग के दर्शन व रात्रि 8=00 बजे महाआरती का कार्यक्रम रहेगा । श्री वार्ष्णेय मंदिर के परम भक्त बृजेश कंटक , एडवोकेट आकाशदीप वार्ष्णेय , अनूप गुप्ता के अनुसार महाआरती में 2100 दीपकों से ठाकुर जी की आरती की जाएगी जो अपने आप मे अनुपम होगी । श्री वार्ष्णेय मंदिर की परम भक्त पार्षद अलका गुप्ता एवं नीरू राहुल स्क्रैप के अनुसार पाटोत्सव समारोह मे महिला कार्यक्रम 5 अप्रैल को दोपहर 1बजे से रहेगा । श्री वार्ष्णेय मन्दिर के परम भक्त प्रमोद शैल के अनुसार 6 अप्रैल को बाल कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से व सुंदरकांड का पाठ का आयोजन सांय 4 बजे से रहेगा। श्री वार्ष्णेय मंदिर के परम भक्त विष्णु शेखर गुप्ता व नितिन स्वरुप वेवसाइट एवं विमल वार्ष्णेय के अनुसार 7 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से बाल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा जिसके फार्म श्री वार्ष्णेय मंदिर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं । श्री वार्ष्णेय मंदिर के परम भक्त मनोज पप्पू खलीफा , अनिल शिव , देवेंद्र भोला एवं जितेंद्र जीतू के अनुसार 7अप्रैल को ही सांय काल मे विराट रसिया दंगल का आयोजन किया जायेगा । श्री वार्ष्णेय मंदिर के परम भक्त अनिलराज गुप्ता , अनिल सासनी , प्रमोद शैल व श्याम जी कपड़ा वालों के अनुसार 8 अप्रैल को श्री वार्ष्णेय मंदिर मे प्रातः 10 बजे वृद्धजन सम्मान समारोह के बाद दोपहर दो बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा ।

श्री वार्ष्णेय मंदिर के परम भक्त राहुल स्क्रैप , अनुपम सज्जू , यतीश वार्ष्णेय , कृष्ण कुमार सीटू के अनुसार 8 अप्रैल को ही सांयकाल 8 बजे से श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय के क्रीडा स्थल पर एक विशाल भजन संध्या सुनने को मिलेगी जिसमे जयपुर की सुप्रसिद्ध भजन गायिका सुरभि चतुर्वेदी अपनी वाणी से कृष्ण भक्ति का अमृत रस बरसायेंगी । पत्रकार वार्ता के बाद पाटोत्सव समारोह को भव्य रूप से मनाने के लिए बैठक का आयोजन भी किया गया । बैठक मे राधेश्याम गुप्ता स्क्रैप , एल डी वार्ष्णेय , यतेंद्र वाई के , धीरेन्द्र गुप्ता फोटो , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , अन्नू बीड़ी , संजीव बैभव , बृजेश कंटक , पार्षद अलका गुप्ता , योगेश वार्ष्णेय बंटी , राजू गनपत , ललित वाई के, नरेन्द्र मृदु , गोपाल सासनी , सुमित गोटेवाल , मनोज ठेकेदार , आकाशदीप वार्ष्णेय , विष्णु भैया , गौरव ब्रास , मनोज गुप्ता लकी , नवनेन्द्र डब्बू , सीमा टाफी , लक्ष्मी वार्ष्णेय , दुर्गेश वार्ष्णेय , शैल वार्ष्णेय , शैल गुप्ता , नीरू स्क्रैप , खुशी वार्ष्णेय , विमल वार्ष्णेय , नितिन स्वरूप वेवसाइट , विष्णु शेखर गुप्ता , अनिल राज गुप्ता , अनिल सासनी , प्रमोद शैल , श्याम जी कपड़ा वाले , मनोज पप्पू खलीफा , अनिल शिव , देवेंद्र भोला , जीतेन्द्र जीतू , कान्हा वार्ष्णेय , राहुल वार्ष्णेय स्क्रैप , यतीश वार्ष्णेय , अमित शेखर सर्राफ , अनुपम सज्जू , मिलिंद वार्ष्णेय , भरत वार्ष्णेय , संतोष डिब्बा , शैलेन्द्र शैलू प्रधान , कृष्ण कुमार सीटू , कमल गुप्ता बाबा गारमेंट्स , अंकित वार्ष्णेय , अमित गुप्ता किताब , गौरव पीतल , कन्हैया लाल गुप्ता , धर्मेंद्र चंद्रा , एडवोकेट सुमित साय्न्टिफिक , तन्मय वार्ष्णेय , संदीप वार्ष्णेय घी , घनेन्द्र कुमार गुप्ता , रिकेश वार्ष्णेय , मनोज एडवोकेट , दीपांशु वार्ष्णेय ईंट , वीरेश वार्ष्णेय तार , तनुराग वार्ष्णेय आदि उपस्थित थे ।

# पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार



अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी मय पुलिस टीम द्वारा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती से संबंधित वांछित अभियुक्त बनाम बालकराम यादव पुत्र नानबच्चा यादव निवासी पूरेदीनामगढ थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को बनकटी नहर पुलिया के पास थाना इकौना से गिरफ्तार किया गया। आपको बता दें कि श्रीमती रेनू यादव पत्नी बालकराम यादव निवासी पूरेदीनामगढ थाना इकौना जनपद श्रावस्ती फांसी लगा ली गयी थी, जिसके उपरान्त श्रीमती रेनू यादव के पिता राम सुरेश यादव ग्राम श्यामदेवरिया दा0 महदेईया थाना नवीन मार्डन पुलिस तहसील इकौना जनपद श्रावस्ती के तहरीर के आधार पर थाना इकौना पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसमे बालकराम यादव पुत्र नानबच्चा यादव निवासी अहिरन पुरवा दा0 पूरेदीनामगढ थाना इकौना तहसील इकौना जिला श्रावस्ती द्वारा अपनी पत्नी रेनू यादव को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल रवाना किया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# गुड वेंचर इंडिया निधि लिमिटेड में जमा पैसे वापस दिलाए जाने की लगाई गुहार

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- ग्राम चौबे जोत मौजा इकौना देहात थाना इकौना जनपद श्रावस्ती निवासी श्रीपाल पुत्र रामदत्त, रंजना पत्नी बलिराम, संगीता पुत्री बलिराम, रामा देवी पत्नी श्रीपाल, श्रीराम पुत्र श्रीपाल, कलीम पुत्र असलम, संजय कुमार पुत्र राकेश कुमार, विक्रम कश्यप पुत्र प्रदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार पुत्र जंगली प्रसाद, जय लाल कश्यप पुत्र केश कुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है कि गुडवेंचर इंडिया निधि लिमिटेड शाखा बलरामपुर रोड इकौना के एजेंट कमलेश पुत्र रामसूरत निवासी मोहम्मदपुर थाना इकौना श्रावस्ती कराए थे जिसको मेच्योरिटी मार्च में पूरा हो गया जिसको लेकर उपरोक्त फरियादियों ने प्रार्थना पत्र देकर रुपए वापस दिलाए जाने की मांग की है

# ईट भट्ठा उगल रहे हैं प्रदूषण जनता परेशान

प्रदीप गुप्ता-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली-रिठौरा। बरेली में इन दिनों पर्यावरण को लेकर तमाम तरीके के जागरूक अभियान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे हैं। लेकिन बात करें बरेली में प्रदूषण की तो प्रदूषण का स्तर अब बरेली में लोगों का दम घुटने लगा है । कई ऐसे उद्योग जिनसे प्रदूषण उत्पन्न होने से नागरिकों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी के निकट की जनता परेशान हो चुकी है । नवाबगंज, बिथरी चैनपुर एवं फरीदपुर में संचालित ईट भट्टे मानकों को ताक पर रखकर अवैध तरीके से ईंटें पकाने का कारोबार दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की पाने में जुटे हैं। ग्रामीणों का कहना है,मिठाई बनाने वाले कोल्हू एवं भट्टे ईंट पकाने के लिए प्लास्टिक पनियों में केमिकल मिलाकर आग लगाकर एक भट्टियां दहकाते हैं। उससे निकलने वाला धुआं बहुत ही हानिकारक है। जिसके चलते तरह-तरह की बीमारियां उत्पन्न हो रही है इस संबंध में ग्रामीण एवं सामाजिक संगठनों द्वारा उप जिला अधिकारी बरेली एवं प्रदूषण अधिकारी से भी शिकायत की गई है। जिसमें प्रदूषण अधिकारी ने कुछ ईंट भट्टे के मानक पूरे ना होना पर क्षेत्रीय अधिकारी बरेली को ईट भट्टे बंदी के लिए पत्र भी लिखा गया है।

# Spinners speak in M Chidambaram's ground, batsmen yearn for runs

In the sixth match of IPL 2023, Chennai Super Kings will clash with Lucknow Super Giants. After a long wait of three years, the CSK team will land on their home ground. Dhoni's team started the season with a defeat and in the first match the team had to face defeat at the hands of Gujarat Titans. Lucknow Super Giants have started their campaign with a bang. Under the leadership of KL Rahul, Lucknow badly crushed Delhi Capitals in the first match. In such a situation, the team would like to continue its same form in the second match as well. At the same time, in front of the home crowd, Chennai would like to taste their first win of the season.



Spinners dominate Chepauk - Spinners dominate M Chidambaram's ground. It is very difficult on this ground for the batsmen to score runs in front of the spinning balls of the spinners. Spinners have 9 names out of the top 10 bowlers who have taken the most wickets on this ground. That is, the team which has better spinners can dominate this match. The team batting first has fun The team batting first has full fun on Chepauk ground. Out of six matches, 5 matches have been won by the team which won the toss and decided to bat first. The average score in the first innings at Chidambaram's ground is 150, while the average score in the second innings becomes 119. That is, toss plays a very important role in Chepauk.

# IPL 2023: Who will replace Kane Williamson in the Gujarat Titans camp, these three players are at the forefront of the race


The defending champions Gujarat Titans have suffered a major setback with the start of IPL 2023. New Zealand batsman Kane Williamson has been ruled out of the entire tournament due to injury. Williamson could prove to be a trump card for Gujarat this season on the basis of his experience. After the Kiwi batsman's ouster, discussion has started on who will be the entry in Gujarat's camp in place of Williamson. Many names are running in the race to




replace Williamson. However, Steve Smith is being considered as the right choice for him. steve smith- Australia's star batsman Steve Smith has a lot of experience. Along with this, Smith can handle Gujarat's innings in the middle overs in a clever way. Smith also has the experience of captaincy and can prove to be a good advisor to Hardik Pandya. This is the reason why Smith is being considered as the perfect replacement for Williamson. Travis Head - Australia's explosive batsman Travis Head is currently running in the best form of his career. Along with opening the head innings, he can also bat in the middle overs if needed. The kangaroo batsman also has the ability to hit big shots and has the ability to turn a match on his own. Head's performance was also good in the ODI series played against India. Dasun Shanaka - Sri Lankan team captain Dasun Shanaka can be a good option as a replacement for Kane Williamson. Shanaka has the ability to do wonders with both bat and ball. Along with this, he also knows the skill of finishing the match very well. Shanaka's performance has been amazing in the T20 format in the last one year.

# Former Team India veteran cricketer Salim Durrani passes away, PM Modi pays tribute

Salim Durrani played 29 Tests for India, in which he scored 1202 runs with the help of one century and seven half-centuries. Also took 75 wickets. A sad news came to the fore on Sunday for the Indian cricket world. Former Indian cricketer Salim Durrani passed away at the age of 88. He was battling cancer. Salim breathed his last in Jamnagar, Gujarat. Prime Minister Narendra Modi has expressed grief over the death of Salim Durrani. He was the first cricketer to be awarded the Arjuna Award. He received this honor in 1960. Salim Durrani played 29 Tests for India, in which he scored 1202 runs with the help of one century and seven half-centuries. Also took 75 wickets. Salim Durrani was born on 11 December 1934 in Kabul, Afghanistan. However, when he was only eight years old, his family moved to Karachi, Pakistan. Durrani's family had migrated to India at the time of India-Pakistan partition. Gradually, Salim's interest in cricket increased. Salim was recognized for his all-round performance in the 1960-70s. He has been one of the legendary all-rounders of India. It is said that whenever the fans demanded Salim to hit a six in the match, he used to hit the six. This is how Salim became special to the fans. Played an important role in the historic victory over England – Salim Durrani played a key role in the historic 2-0 series win over England in 1961-62. He took a lot of wickets in this five-match Test series. India had won two Tests in Kolkata and Madras. Salim took eight wickets in the Kolkata Test and 10 wickets in the Madras Test. Apart from this, he also played a key role in India's victory in the historic Port of Spain





match against the West Indies. In this match, Salim took the wickets of the then great batsman Clive Lloyd and Sir Garfield Sobers. Salim Durrani's special relationship with the fans - Talking about first-class matches, he scored 8,545 runs at an average of 33.37. These include 14 centuries.

On his day, Salim Durrani had the ability to demolish any bowling attack. However, it was as a bowler that he made his mark playing for the Indian team for the first time. Salim also had a special relationship with his fans. Once he was dropped from the team for a match in Kanpur, the fans expressed their anger. He had reached the ground with banners and placards that read 'No Durrani, No Test!'. In domestic cricket, Salim Durrani represented Gujarat, Rajasthan and Saurashtra during a career spanning two and a half decades.

Salim Durrani-Salim, who had also worked in the film, made his debut in the Mumbai Test in 1960. He is more famous for hitting sixes. Salim played the last Test in February 1973 against England in Mumbai. After retiring from cricket, Salim also worked in the film industry. He has also worked in the Bollywood film 'Charitra'. Parveen Babi was with Salim in this film. PM Modi condoles Prime Minister Narendra Modi on Sunday condoled the death of legendary Indian cricketer Salim Durani and said that he contributed significantly to India's rise in the world of cricket.

In a tweet, Prime Minister Modi said- Salim Durrani ji was a legend of cricket, an institution in himself. He contributed significantly to the rise of India in the world of cricket. On and off the field, he was known for his style. I am saddened by his death. Condolences to his family and friends. May his soul rest in peace.

Noting that Salim Durrani had a very old and strong association with Gujarat, the Prime Minister said that he played for Saurashtra and Gujarat for a few years and also made the state his home. Modi said- I got the opportunity to interact with him and I was very impressed by his multifaceted personality. He will definitely be missed.

